# रक्त संबंध BLOOD RELATION

## कुछ रिश्ते/संबंध

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | दादा/दादी का इकलौता पुत्र | – | पिता |
| 2. | पिता के माता/पिता | – | दादी/बाबा |
| 3. | माँ के माता/पिता | – | नानी/नाना |
| 4. | पिता का भाई | – | चाचा या ताऊ |
| 5. | मां का भाई | – | मामा |
| 6. | पिता की बहिन | – | बुआ |
| 7. | मां की बहिन | – | मौसी |
| 8. | बाबा की इकलौती बहू | – | मां |
| 9. | दादी की इकलौती बहू | – | मां |
| 10. | माता–पिता का बेटा | – | भाई |
| 11. | माता–पिता की बेटी | – | बहिन |
| 12. | पति की बहिन | – | ननद |
| 13. | पत्नी की बहिन | – | साली |
| 14. | पति का भाई | – | देवर (छोटा भाई) |
| 15. | पति का भाई | – | जेठ (बड़ा भाई) |
| 16. | पति या पत्नी की मां | – | सास |
| 17. | पति या पत्नी का पिता | – | ससुर |
| 18. | बहिन का पति | – | जीजा, बहनोई |
| 19. | पिता की बहिन का पति | – | फूफा |
| 20. | पत्नी की बहिन का पति | – | साढ़ू |
| 21. | मां की बहिन का पति | – | मौसा |
| 22. | मां के भाई की पत्नी | – | मामी |
| 23. | पिता के छोटे भाई की पत्नी | – | चाची |
| 24. | पिता के बड़े भाई की पत्नी | – | ताई |
| 25. | भाई का पुत्र | – | भतीजा |
| 26. | भाई की पुत्री | – | भतीजी |
| 27. | बहिन का पुत्र | – | भांजा |
| 28. | बहिन की पुत्री | – | भांजी |
| 29. | बेटी का पति | – | दामाद |
| 30. | बेटी के पति का पिता | – | समधी |
| 31. | बेटी के पति की मां | – | समधिन |

32. पुत्र की पत्नी – बहू

33. पुत्र की पत्नी की मां – समधिन

34. चाचा, ताऊ, मामा, मौसा, फूफा का पुत्र/पुत्री– भाई–बहिन

- रिश्ता सम्बन्धी प्रश्नों को शीघ्र हल करने के लिए रिश्ता सम्बन्धी ज्ञान होना बहुत जरूरी है।
- रिश्ता सम्बन्धी प्रश्नों को तुम अपने पर ही लागू करके हल करोगे तो प्रश्न शीघ्र हल होगा।
- रिश्ता सम्बन्धी प्रश्नों को चार्ट बनाकर भी हल कर सकते हैं जिसमें पुरुष को (+) से तथा नारी को (–) से दर्शा कर भी हल कर सकते हैं।
- आरेख के द्वारा हल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें–

  - पुरुष → (+)
  - स्त्री → (–)
  - पति$^{(+)}$ = पत्नि$^{(-)}$
  - पिता$^{(+)}$ माता$^{(-)}$<br>↓ ↓<br>पुत्र$^{(+)}$ पुत्री$^{(-)}$
  - भाई$^{(+)}$....... बहिन$^{(-)}$

  यहाँ पुरुष को (+) से तथा नारी को (–)


  इनके साथ–साथ कुछ पारिवारिक सम्बन्ध भी पता होने चाहिए।

## Example

**1. A, B की पुत्री है। B, C की मां है। D, C का भाई है। यह बताइये कि D का A से क्या रिश्ता है ?**

(A) पिता (B) दादा (C) भाई (D) पुत्र

**Ans. (C)**





A, C, D परस्पर भाई–बहन है।

- जिसके साथ 'का' लगा होता है उसका सम्बन्ध बताना है या यू याद रख सकते हैं कि जिसके साथ 'से' लगा है उससे कैसे सम्बन्धित है भाई के रूप में या पिता के रूप में या पत्नी के रूप में इस प्रकार ..................

**2. P, Q का पुत्र है जबकि Q तथा R आपस में एक–दूसरे की बहन है। T, R की माँ है। यदि S, T का पुत्र है तो निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है ?**

(A) T, Q का भाइ है (B) S, P का चचेरा है (C) Q तथा S बहिन है (D) S, P का मामा है


**Ans. (D)**



**3.** अरूण, रोहित का पिता है। रोहित, माला का भाई है, माला दिलीप की पत्नी है तो दिलीप का रोहित से क्या रिश्ता है ?

(A) पिता (B) चाचा (C) पुत्र (D) जीजा


**Ans. (D)**




**4.** एक तस्वीर की तरफ संकेत करते हुये एक आदमी कहता है, तस्वीर में औरत मेरे भांजे की दादी है और उसका बेटा मेरी बहन का जेठ/देवर है। यदि उसकी बहन की कोई और बहन नहीं हो, तो तस्वीर में औरत का उस आदमी की बहन से क्या सम्बन्ध है ?

(A) माँ (B) सास (C) कजिन (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (B)**





तस्वीर की औरत, उसकी बहिन की सास होगी।

**5.** सोनू ने मोनू से कहा, क्रिकेट खेल रहा है वह व्यक्ति मेरे दादाजी के पुत्र के पुत्र की इकलौती बहन का पति है। वह व्यक्ति सोनू का कौन है ?

(A) साला (B) बहनोई (C) भाई (D) भानजा


**Ans. (B)**




**6.** अक्का ने एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कक्का से कहा, वह तुम्हारे पिता की पुत्री की माँ के ससुर के इकलौते पुत्र की पुत्री है, तो बताओ कक्का का उस तस्वीर से क्या सम्बन्ध है ?

(A) भाई (B) बहिन (C) पुत्री (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (A)**



## अभ्यास प्रश्न

### Type-I

☞ **निर्देश : (1 – 3)**

*A + B का अर्थ है A, B की बेटी है।*

*A × B का अर्थ है A, B का पुत्र है।*

*A – B का अर्थ है A, B की पत्नी है।*

**1. T – S × B – M, M का T से क्या सम्बन्ध है?**

(A) ससुर (B) दादा

(C) पिता (D) None

**2. Z × T – S × U + P हो तो U, Z की क्या है?**

(A) दादा (B) दादी

(C) मामा (D) None

☞ **निर्देश : (4–6)**

*A × B का अर्थ A, B की पत्नी है।*

*A + B का अर्थ A, B की भाई है।*

*A ÷ B का अर्थ है A, B की पुत्री है।*

*A – B का अर्थ है A, B की पुत्र है।*

**3. P × Q – T + R हो तो T का P से क्या सम्बन्ध है।**

(A) फादर– इन–लॉ (B) मदर–इन–लॉ

(C) मैटरनल अंकल (D) NONE

**4. P ÷ R × T – Q हो तो Q का P से क्या सम्बन्ध है।**

(A) अंकल (B) ब्रदर इन लां

(C) ग्रेंड फादर (D) इनमें से कोई नहीं

**5. P – Q + R ÷ T हो तो R का Q से क्या सम्बन्ध है।**

(A) भाई (B) बहन

(C) मां (D) NONE

☞ **निर्देश–(7 - 9)**

A + B = पिता,

A × B = पुत्री,

A ÷ B = भाई

A – B = पत्नी

**6. A + B का अर्थ A, B का पिता है।**

**A – B का अर्थ A, B की माता है।**

**A × B का अर्थ है A, B की बहन है।**

**निम्नलिखित में से कौन P दादी है S की ?**

(A) P – Q × S + R (B) P × Q + R – S

(C) P × R + Q – S (D) P– Q + R × S

*P × Q का अर्थ है P, Q की माता है।*

*P ÷ Q का अर्थ P, Q की बहन है।*

*P + Q का अर्थ है। P, Q का भाई है।*

*P – Q का अर्थ है। P, Q का पिता है।*

**7. निम्नलिखित में से किसका अर्थ M, N का नेफ्यू है।**

(A) M + R – N (B) N ÷ T – M + J

(C) N ÷ T – M ÷ J (D) N + T × M ÷ J

**8. निम्नलिखित में से किसका अर्थ R, T का दादा है।**

(A) T ÷ K – M – R (B) R × M + T + D

(C) R – M – T ÷ D (D) R – M × T ÷ D

**9. अभिव्यक्ति D ÷ F – T + K में K का D से क्या सम्बन्ध है।**

(A) नेफ्यू (B) नेफ्यू या नीस

(C) नीस (D) इनमें से कोई नहीं

☞ **निर्देश : (14–15)**

*P × Q का अर्थ है P, Q का भाई है।*

*P – Q का अर्थ है P, Q की बहन है।*

*P ÷ Q का अर्थ है P, Q का पिता है।*

*P + Q का अर्थ है P, Q की माता है।*

**10. निम्नलिखित में से किसका अर्थ है D, R का नेफ्यू है**

(A) D × M ÷ R

(B) R – M ÷ D

(C) R – M ÷ D × A

(D) R × M + D

**11.** निम्नलिखित में से किसका अर्थ है M, T का मैटरनल अंकल है।

(A) $M \times R \div T$ (B) $T \times J - N \div M$

(C) $M - R + T$ (D) $M \times R + T$

☞ **निर्देश (12 – 22) : निम्नलिखित प्रश्नों की सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें।**

*'A + B' का अर्थ 'A, B' का पिता है, 'A - B' का अर्थ है A, B की पत्नी है, 'A × B' का अर्थ है, A, B का भाई है, और 'A ÷ B' का अर्थ है A, B की पुत्री है।*

**12.** यदि '$S \div T + U + Z$' हो तो निम्नलिखित में कौन सत्य है?

(A) S, Z की पुत्री है।

(B) Z, S की चाची है।

(C) S, Z की बुआ है।

(D) S, Z की मां है।

**13.** यदि '$S - T + Z$' हो तो निम्नलिखित में कौन सत्य है?

(A) S, Z की मां है। (B) Z, S की पुत्री है।

(C) S, Z की बहन है। (D) S, Z की चाची है।

**14.** यदि '$S \times T \div Z$' हो तो निम्नलिखित में कौन सत्य है?

(A) S, Z का चाचा है (B) Z, S का पिता है

(C) S, Z का भाई है (D) S, Z का पुत्र है

**15.** यदि '$S \times T - Z$' हो तो निम्नलिखित में कौन सत्य है?

(A) S, Z का बहनोई है (B) Z, S का भाई है

(C) S, Z का चाचा है (D) इनमें से कोई नहीं

**16.** यदि '$S + T \div Z$' हो, तो निम्नलिखित में कौन सत्य है?

(A) S, Z का भाई है (B) S, Z की पुत्र है

(C) S, Z का पति है (D) S, Z का पिता है।

**17.** 'A + B' का अर्थ – 'A, B' का भाई है, 'A ÷ B' का अर्थ – 'A', 'B' का पुत्र है और 'A – B' का अर्थ 'A', 'B' की बहन है बताएँ कि 'Q', 'P' का मामा है। निम्नलिखित में कौन – सा समीकरण होगा?

(A) $P \div R - Q$ (B) $P \div R - P$

(C) $Q \times R + P$ (D) इनमें से कोई नहीं

**18.** यदि 'P + Q' का अर्थ – 'P', 'Q' का भाई है, 'P × Q' का अर्थ – 'P', 'Q' की माँ है और 'P ÷ Q' का अर्थ है 'P', 'Q' की बहन हो तो 'R', 'Q' का चाचा है, निम्नलिखित में कौन सा समीकरण इसे निरूपित करता है ?

(A) $R \div P \times S$ (B) $R \times S + P$

(C) $R \div P + S$ (D) इनमें से कोई नहीं

*'A + B' का अर्थ, – A, B की बेटी है।*

*'A × B' का अर्थ, – A, B का पुत्र है।*

*'A – B' का अर्थ, – A, B की पत्नी है।*

**19.** यदि $P \times Q - S$ हो, तो निम्नलिखित में कौन सा सत्य है।

(A) S, Q की पत्नी है (B) S, P का पिता है

(C) P, Q की पुत्री है (D) Q, P का पिता है

**20.** यदि $T - S \times B - M$ हो, तो निम्नलिखित में कौन – सें असत्य है ?

(A) B, S की माँ है (B) M, B का पति है

(C) S, B की बहिन है (D) T, S की पत्नी है

**21.** यदि $Z \times T - S \times U + P$ हो, तो U, Z का क्या है?

(A) माँ

(B) दादी

(C) पिता

(D) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**22.** यदि *'A + B' का अर्थ A, B की मा है,*

*'A ÷ B' का अर्थ – A, B का भाई है,*

*'A × B' का अर्थ – A, B का पुत्र है, और*

*'A – B' का अर्थ – A, B की बहन हो,*

तो निम्नलिखित में किसका अर्थ – C, D की बहन है ?

(A) D – C

(B) D × P – C

(C) C – P ÷ D

(D) D – P ÷ C

☞ **निर्देश : निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़कर प्रश्न संख्या 23 से 26 तक के प्रश्नों का उत्तर दीजिये।**

*P * Q का तात्पर्य हैं, P, Q का पिता है।*

*P # Q का तात्पर्य हैं, P, Q की बहिन है।*

*P + Q का तात्पर्य है, P, Q का भाई है।*

*P – Q का तात्पर्य है, P, Q की माता है।*

*P/Q का तात्पर्य है, P, Q का पुत्र है।*

*P = Q का तात्पर्य है, P, Q की पुत्री है।*

**23. Z * X – Y दिया गया हो तो निम्न में से कौनसा है।**

(A) Z, Y का मामा है।

(B) Z, Y का दादा / नाना है।

(C) X, Z का भतीजा है।

(D) Z, Y का दादी / नानी है।

**24. X, Y का दादा / नाना है।**

(A) X * Z * Y (B) Y * Z / X

(C) Z # X = Y (D) X + Y/Z

**25. X, Z की दादी / नानी है।**

(A) Z + X /Y (B) Z # X – Y

(C) Y – Z = X (D) X – Y – Z

**26. X और Z की माता Y**

(A) X + Y – Z (B) Y - X /Z

(C) Y – X + Z (D) Y + X * Z

**27. Z दो बच्चों का पिता है।**

(A) Z # Y # X (B) Z * Y # X

(C) Z # Y – X (D) Z + X / Y

☞ **निर्देश : (28 - 32) यदि रिश्तों को विभिन्न प्रकार से संकेत कर दिया तो बताइयें।**

(i) A ÷ B का अर्थ है, A, B की पत्नी है।

(ii) A + B का अर्थ है, A, B का पिता है।

(iii) A – B का अर्थ है, A, B की माता है।

(iv) A × B का अर्थ है, A, B का भाई है।

**28. यदि S ÷ T + U + Z हो तो कौन सा सत्य होगा?**

(A) S, Z की पुत्री है। (B) Z, S की चाची है।
(C) S, Z की दादी है। (D) S, Z की माता है।

**29. यदि S + P ÷ Z हो तो कौन सा सत्य है?**

(A) S, Z का पिता (B) S, Z का चाचा

(C) S, Z का ससुर (D) S, Z का दादा

**30. यदि S × T ÷ Z हो तो कौन सा सत्य है।**

(A) S, Z का चाचा (B) S, Z का पिता

(C) S, Z का भाई (D) S, Z का साला

**31. S + T – Z हो तो कौन सा सत्य है।**

(A) S, Z का बहनोई (B) S, Z का भाई है।
(C) S, Z का नाना है। (D) S, Z का मामा है।

**32. यदि S × T ÷ Z हो तो कौन सा सत्य है।**

(A) Z, S का भाई (B) Z, S का जीजा

(C) Z, S का पति (D) Z, S का साला

## Type-II

**1. R, D का भाई है, Q, R की बहन है, A, F का भाई है D, F का पिता है Q, M की बेटी है A का चाचा कौन हैं।**

(A) Q (B) R

(C) F (D) D

**2. दिनेश सुरेन्द्र का भाई है सुरेन्द्र रेणु का पुत्र है। रेणु रूबी की बहन है सुधीर रूबी का पुत्र है बताइए कि सुधीर का दिनेश से क्या सम्बन्ध है।**

(A) भाई

(B) बहन

(C) कजिन

(D) NONE

3. E का पुत्र A है B का पुत्र D है। A का विवाह F के साथ हुआ है। B की पुत्री F है। D का A के साथ क्या सम्बन्ध है?

(A) मामा (B) साला

(C) पिता (D) NONE

4. B की बहन A है C का भाई है B, D का पुत्र है C तो D का A से क्या रिश्ता है।

(A) पिता (B) दादा

(C) अंकल (D) NONE

5. D, B का भाई है M, B का भाई है K, M का पिता है T, K की पत्नी है। B का T से क्या संबंध है।

(A) पुत्र (B) पुत्री

(C) पुत्र या पुत्री (D) इनमें से कोई नहीं

6. B, D की बहन है M, D का पिता हैं। N, M की बहन है, तो B का N से क्या सम्बन्ध है।

(A) बहन (B) बुआ

(C) भतीजी (D) NONE

7. M, K का भाई है P, K की बहन है R, P का पिता है तो K का R से क्या सम्बन्ध है?

(A) पुत्र (B) पुत्री

(C) पुत्र या पुत्री (D) जानकारी अधूरी है

8. M, K की बहिन है। D, K का भाई है। F, M की मां है। K का F के साथ क्या सम्बन्ध है?

(A) पुत्र

(B) पुत्री

(C) पुत्र या पुत्री

(D) जानकारी अधूरी है

☞ **निर्देश (9 –12) : निम्न सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :**

***पांच व्यक्ति K, L, M, N और O खाने की टेबिल के चारो ओर बैठे हुए है। K, M की मां है जो O की पत्नी है। N, K का भाई है तथा L, K का पति है।***

9. L का O से क्या संबंध है ?

(A) पिता (B) सास

(C) साला (D) ससुर

10. K का O से क्या संबंध है ?

(A) बहन (B) मां

(C) सास (D) साला

11. N का L से क्या संबंध है ?

(A) बेटा (B) चचेरा भाई

(C) भाई (D) साला

12. M का L से क्या संबंध है ?

(A) आंटी (B) भतीजी

(C) बेटी (D) बहू

13. C का पुत्र A है तथा C और Q एक दूसरे की बहिनें है, Z, Q की माँ है, यदि P, Z का पुत्र हो तो निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है?

(A) Q, A का दादा है

(B) P, A का मामा है

(C) P, A का चचेरा भाई है

(D) C और P दोनों बहिनें है

14. यदि F, A का भाई है, C, A की पुत्री है, K, F की बहिन है तथा G, C का भाई है तो G का चाचा कौन है ?

(A) C

(B) A

(C) K

(D) तय नहीं किया जा सकता है

15. A, B का पिता है, E, A का भाई है, D, A का पिता है, यदि C, B की बहिन है तो E का C से क्या संबंध है।

(A) भतीजी

(B) भतीजा

(C) बहनोई

(D) चाचा

**16.** **एक परिवार में 6 सदस्य है (A, B, C, D, E, F) F की बहिन C है। E के पति का भाई A है। A का पिता D तथा दादा F है। बताओं E और D में क्या संबंध है।**

(A) माँ और पुत्र (B) पत्नी और पति

(C) माँ और पुत्री (D) पुत्रवधु और ससुर

**17.** **K और L दो भाई हैं, O और P एक विवाहित युग्म है, N, K की पुत्री है, L, Q का पति और P का पिता है, यदि M और K माँ बेटे हैं तथा O, L का दामाद है तो P और M में क्या संबंध है।**

(A) पौत्री एवं दादी (B) पुत्र एवं माँ

(C) पौत्र एवं दादी (D) धेवती एवं नानी

**18.** **कुछ भाई बहिनों का एक समूह था, उसमें राम की बहिनों की संख्या उसके भाइयों की संख्या से दुगुनी थी किन्तु सीमा के अनुसार उसके भाइयों की संख्या बहिनों की संख्या के बराबर थी बताइये समूह में कितने भाई बहिने थे?**

(A) 3 भाई– 3 बहिन (B) 4 भाई – 3 बहिन

(C) 3 भाई – 4 बहिन (D) 2 भाई– 2 बहिन

**19.** **राम का भाई मोहन है। राम की लड़की गीता हैं मोहन की बहिन सुनीता है। और गीता का भाई सुनील है। तो बताओं सुनील का चाचा कौन है।**

(A) मोहन (B) राम

(C) आँकडे अधूरे है (D) सुनील

**20.** **यदि 'ख' की मां 'क' की मां की पुत्री है। तो बताएं कि 'क' का 'ख' से क्या सम्बन्ध है।**

(A) मामा

(B) पिता

(C) भाई या बहन

(D) ज्ञात नहीं किया जा सकता

☞ **निर्देश (21 - 25)** : ***A, B, D, F, G, H और K एक परिवार के सात सदस्य है। ये अलग–अलग तीन पीढियों के है। इनमें दो अलग–2 पीढियों के दो विवाहित जोडे है। H के पुत्र D का विवाह K से हुआ है। F ससुर है। B का। G का पिता A का ग्रांडफादर है। B का पति K का ससुर है। H के केवल एक पुत्र है। G का पिता F है।***

**21.** **K का G से क्या संबंध है।**

(A) सिस्टर इन लॉ (B) बहन

(C) भाभी (D) NONE

**22.** **विवाहित महिलाओं का जोड़ा है।**

(A) HK (B) HD

(C) KF (D) NONE

**23.** **F का G से संबंध है।**

(A) पुत्र (B) नेफ्यू

(C) नीस (D) NONE

**24.** **इनमें महिला सदस्य कितनी है।**

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) NONE

**25.** **H का B से क्या संबंध है।**

(A) पिता (B) ससुर

(C) अंकल (D) NONE

☞ **निर्देश (26 - 30)** : ***एक परिवार में छः सदस्य A, B, C, D, E, F है। C, F की बहन है, A, E के पति का भाई है। D, A के पिता तथा दादा F है।उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो।***

**26.** **निम्नलिखित वर्ग में कौनसा वर्ग भाईयों का है।**

(A) C A (B) B A

(C) D B (D) F B

**27.** **F का E से क्या नाता है।**

(A) पुत्र–माता (B) पति–पत्नी

(C) देवर–भाभी (D) ससुर–पौंत्रवधू

**28.** **निम्नलिखित में से कौन माँ है।**

(A) A (B) B

(C) E (D) NONE

**29.** **इस परिवार में कितने पुरूष सदस्य है।**

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1

**30.** E का पति कौन है ?

(A) B (B) D

(C) C (D) F

**31** गुजंन, रंजना के ससुर का एकमात्र सुपुत्र है। गुजंन के पिता की पुत्री अर्चना है। तो रंजना और अर्चना में परस्पर क्या सम्बंध है ?

(A) ननद और भाभी (B) भाभी और देवर

(C) देवर और भाभी (D) भाभी और ननद

☞ निर्देश (32 - 35) : *एक परिवार में अ, ब, स, द और य सदस्य हैं इनमें एक विवाहित जोडा है। द, स का पुत्र है। ब, अ का पिता है। द, य, का भाई है। य की माता स है। द, अ का पुत्र है। उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दे।*

**32.** परिवार के कितने पुरूष सदस्य है।

(A) 3 (B) 4

(C) 2 (D) NONE

**33.** विवाहित युगल कितने है।

(A) द और य (B) य और स

(C) अ और स (D) अ और य

**34.** स, ब से किस प्रकार संबंधित है।

(A) पत्नी (B) पुत्री

(C) माता (D) पुत्रवधु

**35.** य, द से किस प्रकार संबन्धित है।

(A) भाई (B) बहन

(C) माता (D) NONE

**36.** प्रकाश, चीनू और मानू, टीना के बच्चे है। टीना, पप्पू की बहन है। मितेश पप्पू के पिता का इकलौता पौत्र है। माधवी मितेश की बहन है। टीना, माधवी से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(A) बुआ

(B) माता

(C) नानी

(D) मौसी

☞ निर्देश– (37 - 41) : *एक परिवार में 7 सदस्य A, B, C, D, E, F और G है। ये तीन पीढियों का प्रतिनिधित्व करते है।*

(i) *दो विवाहित युगल है।*

(ii) *C, D का भाई जबकि D, G की पुत्री है।*

(iii) *G, A की पुत्रवधू है।*

(iv) *B सबसे बडी पीढी का सदस्य है। एंव E बीच की पीढी में है। परन्तु सन्तान विहीन है।*

(v) *F की माता A है।*

**37.** C, A से किस प्रकार सम्बन्धित है।

(A) भतीजा (B) पुत्र

(C) पौत्र (D) पौंत्री

**38.** F, D से किस प्रकार सम्बन्धित है।

(A) पिता (B) बुआ

(C) चाचा (D) NONE

**39.** उक्त परिवार में कितने पुरूष सदस्य है।

(A) 4 (B) 3

(C) अधिकतम 4 (D) 6

**40.** विवाहित युगल कौन–कौन से है ?

(A) B, A एवं G, F (B) E, G एवं D, F

(C) B, A एवं E, F (D) A, E एवं B, G

**41.** क्रमशः तीन पीढियों के सदस्य है ?

(A) B, A और F (B) A, G और F

(C) C, D और G (D) A, E और C

**42.** A, B का भाई है। तथा 'C' 'A' व 'B' का दादा है यदि E, D दम्पत्ति है तथा 'C' के इकलौते पुत्र व बहु है तो A से E का क्या सम्बन्ध है ?

(A) माता (B) पिता

(C) भाई (D) माता या पिता

**43.** A और B बहने है। R और S दो भाई है। A की बेटी R की बहिन है। B का S से क्या सम्बन्ध है।

(A) माँ (B) दादा

(C) बहिन (D) आंटी

**44.** A एक पुस्तक पढ़ता है। और जानता है कि उस पुस्तक के लेखक के नाम से वह परिचित हैं। C का चाचा लेखक B हैं। A की पुत्री C है। किस प्रकार A से B संबंधित है।

(A) भाई (B) बहिन

(C) पिता (D) चाचा

**45.** x और y, A की संतान है। A, x का पिता है। परंतु y उसक पुत्र नही है। तो y का A से क्या रिश्ता है ?

(A) बहिन (B) भाई

(C) पुत्र (D) पुत्री

**46.** एक संयुक्त परिवार में पिता, माँ 3 विवाहित पुत्र और उनकी पत्नीयाँ है। एक अविवाहित पुत्री है। पुत्रों में से 2 के दो–दो पुत्रियाँ है। और एक के एक पुत्र है। इस परिवार में कुल महिला सदस्यो की संख्या कितनी है?

(A) 2 (B) 3

(C) 6 (D) 9

**47.** गिरिधर लाल के परिवार में उसकी पत्नी राधा 3 पुत्र और 2 पुत्रियाँ है। एक पुत्री अभी अविवाहित है। और दूसरी पुत्री का एक पुत्र है। साथ ही दो पुत्रों में से प्रत्येक के दो बच्चे हैं। और तीसरे के तीन बच्चे हैं एक वृद्धा चाची तथा दामाद भी उनके साथ रहते हैं। गिरिधर लाल के परिवार में कुल कितने सदस्य है।

(A) 20 (B) 19

(C) 18 (D) 17

## Type-III

**1.** एक आदमी ने कहां, यह लड़की मेरी मां के पोते की पत्नी है। वह आदमी लड़की का कौन लगता है।

(A) सुसर

(B) दादा

(C) मां

(D) जानकारी अधूरी हो

**2.** शिवानी का परिचय देते हुए विजय ने कहा कि ''उसके पिताजी मेरे पिताजी के इकलौते पुत्र है विजय शिवानी का क्या लगता है।

(A) भाई

(B) चचेरा भाई

(C) पिता

(D) जानकारी अधूरी हो

**3.** एक पुरूष ने तस्वीर की तरफ संकेत करते हुये कहा कि, वह मेरे मामा की बेटी का भाई हो तो, पुरूष तस्वीर से किस प्रकार सम्बन्धित हैं।

(A) भाई (B) फुफेरा भाई

(C) पिता (D) जानकारी अधूरी हो

**4.** कैलाश ने एक वृद्ध व्यक्ति की और इशारा करते हुये कहा कि उसका पुत्र मेरे पुत्र का चाचा है। कैलाश का उस वृद्ध व्यक्ति से क्या रिश्ता है।

(A) चाचा (B) पिता

(C) पुत्र (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** चित्र की तरफ इशारा करते हुये संजय की मां ने कहां, इस औरत का पति तुम्हारे पिता का पुत्र है। अगर उसे एकमात्र पुत्र हो तो फोटोग्राफ में दी औरत तथा संजय के बीच क्या सम्बन्ध हैं।

(A) पति – पत्नी (B) मां – पिता

(C) भाई – बहन (D) इनमें से कोई नहीं

**6.** एक तस्वीर को देखते हुए एक महिला कहती है कि इस आदमी के बेटे की बहन मेरी सास है इस तस्वीर में उस औरत के पति का उस आदमी से क्या सम्बन्ध है।

(A) बेटा (B) नाती

(C) पोता (D) इनमें से कोई नहीं

**7.** एक पुरूष की और संकेत करते हुये रीना ने कहां यह मेरी दादी की इकलौती सन्तान का पुत्र है। वह पुरूष रीना से किस प्रकार संबंधित है।

(A) पुत्र (B) भाई

(C) चचेरा भाई (D) इनमें से कोई नहीं

**8.** एक महिला की और संकेत करते हुए सुरेश ने कहा – यह मेरे दादा की इकलौती पुत्री की पुत्री है। सुरेश का उस महिला से क्या सम्बन्ध है?

(A) भाई

(B) कजिन

(C) चाचा

(D) ज्ञात नहीं कर सकते।

**9.** एक व्यक्ति उसके साथ आ रहे लड़के का परिचय इस प्रकार कराता है यह लड़का मेरी पत्नी की बेटी के पिता का पुत्र हो तो लड़के का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध बनता है।

(A) दामाद (B) पुत्र

(C) भाई (D) पिता

**10.** राजू की और संकेत करते हुए आयशा ने कहा कि वह मेरी मां के भाई की पत्नी का बेटा है। आयशा राजू से किस प्रकार संबंधित है।

(A) बहन (B) भतीजी

(C) कजन (बहन) (D) इनमें से कोई नहीं

**11.** एक फोटोग्राफ की और इशारा करते हुये शोभा ने कहा 'वह मेरी माता के पिता का इकलौता ग्राडसन है' फोटोग्राफ वाले आदमी से क्या संबंध है।

(A) कजन (B) भाई

(C) अंकल (D) NONE

**12.** नेहा ने एक लड़के की और इशारा करते हुए कहा कि वह मेरे ग्रैंडफादर की इकलौती संतान का पुत्र है नेहा का उस लड़के से क्या रिश्ता है।

(A) बहन (B) कजिन

(C) भाई (D) NONE

**13.** यदि मोहिनी कहती है कि " राजीव का पिता मेरे पिता का इकलौता पुत्र है" तो बताएं कि मोहिनी, राजीव से कैसे संबंधित है।

(A) पुत्री (B) बहन

(C) बुआ (D) None

**14.** यदि विजय कहता है कि " विजू की मां मेरी मां की इकलौती पुत्री है ", तो बताएं कि विजय, वीजू से कैसे संबंधित है ?

(A) भाई (B) दादा

(C) पिता (D) मामा

**15.** एक व्यक्ति ने तस्वीर की और इंगित करते हुये अरूणा से कहा, " वह मेरी बहन के भाई के पिता का इकलौता पुत्र है", तो बताएं कि वह व्यक्ति अरूणा से कैसे संबंधित है?

(A) मामा (B) माता

(C) पिता (D) NONE

**16.** एक पुरूष का परिचय देते हुए एक औरत ने कहा "उसकी पत्नी मेरी मां की इकलौती पुत्री है", तो बताएं कि उस औरत का उस पुरूष से क्या संबंध है ?

(A) साली (B) पत्नी

(C) सास (D) चाची

**17.** स्नेहल की और इंगित करते हुये महेश ने कहा, "उसकी मां की इकलौती पुत्री मेरी पुत्री है" तो बताए कि महेश का स्नेहल से क्या संबंध है ?

(A) भाई (B) चाचा

(C) पुत्र (D) पिता

**18.** पूजा की और संकेत करते हुये विनोद ने कहा कि उसका पिता मेरी मॉ की बहन का पुत्र है। विनोद का पूजा से क्या संबंध है ?

(A) भतीजी (B) भाई

(C) चचेरा भाई (D) NONE

**19.** एक महिला एक लड़के के साथ कहीं जा रही थी। रास्ते में उसको एक आदमी मिला जिसने उस महिला से पूछा – यह लड़का तुम्हारा कौन है ? ' उत्तर में महिला ने कहा – मेरे मामा तथा इसके मामा के मामा परस्पर भाई हैं।' उस महिला का लड़के के साथ क्या संबंध था ?

(A) चाची और भतीजा (B) पत्नी और पति

(C) माँ और पुत्र (D) भाभी और देवर

**20.** यदि मैरी के पिता के चाचा, एडवर्ड के पिता के पोते हैं तथा एडवर्ड अपने पिता की अकेली सन्तान है तो मैरी से एड़वर्ड का क्या संबंध है।

(A) बाबा

(B) चाचा

(C) परबाबा

(D) ताऊ

**21.** मामा के लड़के की बुआ हमारी कौन है।

(A) बुआ (B) मौसी

(C) बहन (D) चाची

**22.** एक महिला का परिचय देते हुये एक पुरूष बोला उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है। ' उस पुरूष का उस महिला से क्या नाता है।

(A) पुत्र (B) पिता

(C) भाई (D) चाचा

**23.** 'एक महिला का परिचय देते हुये एक पुरूष बोला 'उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है।' उस पुरूष का उस महिला से क्या नाता है।

(A) पुत्र (B) पिता

(C) भाई (D) चाचा

**24.** एक छाया चित्र की और निर्देश करते हुये दिनेश बोला 'इसका पिता मेरी माता की इकलौती सन्तान हैं।' वह छाया चित्र किसका है ?

(A) दिनेश का

(B) दिनेश के भाई का

(C) दिनेश की सन्तान का

(D) दिनेश के पिता का

**25.** मेरी माँ की माँ के पति के लड़के की लड़की, मेरी माँ की कौन हुई है ?

(A) बहिन (B) भानजी

(C) भतीजी (D) पोती

**26.** सोहन की पुत्री लीला ने लटिका से कहा "तुम्हारी माँ अलका मेरे पिता की छोटी बहिन हैं तथा मेरा पिता गजानन के तीसरे बालक हैं। "गजानन, लटिका के क्या हैं ?

(A) नाना (B) पिता

(C) चाचा (D) श्वसुर

**27.** एक स्त्री का परिचय देते हुये एक पुरूष ने कहा, 'इसका पिता मेरे पिता का इकलौता पुत्र हैं। बताएँ कि वह स्त्री उस पुरूष से कैसे संबंधित है?

(A) बहन (B) पुत्री

(C) चाची (D) माता

**28.** एक लड़के की तस्वीर की और इंगित करके मधु ने कहा, "उसकी बहन मेरे पिताजी की इकलौती पुत्री है।", बताएँ कि मधु के पिताजी से उस लड़के का क्या संबंध है ?

(A) पिता (B) भाई

(C) पुत्र (D) NONE

**29.** एक औरत की तस्वीर की और इंगित करते हुये विमल ने कहा, " वह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र की पुत्री है। " बताएँ कि विमल उस औरत से कैसे संबंधित है?

(A) भाई (B) चचेरा भाई

(C) पिता (D) चाचा

**30.** अपने लड़के की तस्वीर की और इंगित करते हुये एक पुरूष ने एक औरत से कहा, "उसकी माँ तुम्हारे माँ की इकलौती पुत्री है।" बताएँ कि औरत उस पुरूष से कैसे संबंधित है ?

(A) पुत्री (B) माँ

(C) पत्नी (D) बहन

**31.** एक पुरूष की तस्वीर की और इंगित करते हुय एक औरत ने कहा, "उसके भाई का पिता मेरे दादाजी का इकलौता पुत्र है।" बताएँ कि वह औरत उस तस्वीर में जो पुरूष है उससे कैसे संबंधित है ?

(A) माँ (B) चाची

(C) बहन (D) पुत्री

**32.** **एक व्यक्ति की और इंगित करते हुये एक पुरूष ने एक औरत से कहा, ''इसकी माँ तुम्हारे पिताजी की इकलौती पुत्री है।'' बताएँ कि उस व्यक्ति से वह औरत कैसे संबंधित है ?**

(A) बहन (B) माँ

(C) पत्नी (D) पुत्री

**33.** **एक लड़की की तस्वीर की और इंगित करते हुये उमेश ने कहा, उसकी माँ का भाई मेरी पिता का इकलौता पुत्र है। '' बताएँ कि लड़की की माँ का उमेश से क्या संबंध है ?**

(A) माँ (B) बहन

(C) चाची (D) दादी

**34.** **एक तस्वीर की और इंगित करते हुये सूरज ने कहा, ''उसकी पुत्री शोभा मेरी माँ की पोती है। '' बताएँ कि वह तस्वीर किसकी थी ?**

(A) सूरज के भाई की

(B) सूरज के पुत्र की

(C) सूरज के चाचा की

(D) तय नहीं किया जा सकता

**35.** **सतीश की और इंगित करते हुये अशोक ने कहा, '' वह मेरी बहन के इकलौते भाई का पुत्र है। '' बताएँ कि सतीश अशोक से कैसे संबंधित है ।**

(A) पुत्र (B) प्रपौत्र

(C) भान्जा (D) NONE

**36.** **प्रभात का मामा मेरी माता के मामा का इकलौता भांजा है। तो मेरी माता का प्रभात से क्या रिश्ता हैं ?**

(A) माता (B) मौसी

(C) बुआ (D) माता या मौसी

**37.** **मेरी माता की पुत्रवधू का मेरे चाचा की बहन की माता से क्या संबंध होगा।**

(A) पौत्री

(B) पुत्रवधू

(C) नातिन

(D) पौत्रवधू

**38.** **संगीता की बहन मेरे इकलौते भाई की पत्नी है, तो मेरी माता के पुत्र का संगीता की माता से क्या रिश्ता होगा।**

(A) भांजे का

(B) भतीजे का

(C) दामाद का

(D) पुत्र का

**39.** **आदमी की तरफ इशारा करते हुए औरत ने कहा– मेरा ससुर, ससुर का साला, साले का इकलौता भांजा है। ये आदमी तो बताओं आदमी औरत का कौन है।**

(A) पति

(B) देवर

(C) ससुर

(D) पिता

**40.** **सुनीता जो कि राखी की पुत्री है। सीमा से कहती है। तुम्हारी माँ मेरे पिता की छोटी बहन है। जो कि प्रेमकुमार की तीसरी पुत्री है। प्रेमकुमार का सीमा से क्या संबंध है।**

(A) नाना

(B) पिता

(C) चाचा

(D) भाई

**41.** **सोनू के इकलौता मामा के इकलौता पुत्र के पुत्र सोनू की मां के भाई, भाई के पुत्र से किस प्रकार सम्बन्धित होगा।**

(A) पिता

(B) दादा

(C) मामा

(D) फूफा

**42.** **एक मनुष्य ने अपनी बेटी का विवाह अपनी मामी के बेटे से कर दिया दामाद पहले उस मनुष्य को क्या कह कर बुलाते थे।**

(A) चाचा (B) भाई

(C) फुफेरा भाई (D) चाची

43. रवि के पिता का एक पुत्र रोहित जिसकी एक बुआ लक्ष्मी है। जिनके पति राव के ससुर मोहन है। मोहन का रवि से क्या संबंध हैं।

(A) भतीजा (B) दादा

(C) पुत्र (D) चाचा

44. रामू की माता ने रामू से कहा "मेरी माता का एक बेटा है।" जिसका पुत्र अच्युत है। अच्युत का रामू के साथ क्या संबंध है?

(A) मामा

(B) ममेरा भाई

(C) भाई

(D) भतीजा

## उत्तरमाला

### Type - I

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A | 2. | B | 3. | A | 4. | D | 5. | B |
| 6. | D | 7. | B | 8. | C | 9. | B | 10. | C |
| 11. | D | 12. | C | 13. | A | 14. | D | 15. | D |
| 16. | C | 17. | E | 18. | D | 19. | B | 20. | C |
| 21. | B | 22. | C | 23. | B | 24. | A | 25. | D |
| 26. | C | 27. | B | 28. | C | 29. | C | 30. | D |
| 31. | C | 32. | B | | | | | | |

### Type - II

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | B | 2. | C | 3. | B | 4. | D | 5. | C |
| 6. | C | 7. | C | 8. | C | 9. | D | 10. | C |
| 11. | D | 12. | C | 13. | B | 14. | D | 15. | D |
| 16. | D | 17. | A | 18. | C | 19. | A | 20. | |
| 21. | D | 22. | D | 23. | D | 24. | D | 25. | D |
| 26. | B | 27. | D | 28. | D | 29. | A | 30. | A |
| 31. | D | 32. | D | 33. | C | 34. | D | 35. | D |
| 36. | A | 37. | C | 38. | A | 39. | | 40. | A |
| 41. | | 42. | D | 43. | D | 44. | A | 45. | D |
| 46. | D | 47. | D | | | | | | |

45. यदि नेहा कहती है कि मेरे ससुर (महेश) के एक मात्र पुत्र अमृता के पिता राज है। तो बिन्दु जो अमृता की बहिन है का महेश से क्या संबध है।

(A) बहू (B) पौत्री

(C) बेटी (D) NONE

46. एक फोटोग्राफ को दिखाते हुए एक आदमी ने कहा कि मेरा कोई भाई या बहिन नही है। किंतु इस आदमी का पिता मेरे पिता का पुत्र है। यह फोटोग्राफ किसका था।

(A) उसके पुत्र का

(B) उसक स्वयं का

(C) उसके पिता का

(D) उसके भतीजे का

### Type-III

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A | 2. | C | 3. | B | 4. | C | 5. | A |
| 6. | B | 7. | B | 8. | B | 9. | B | 10. | C |
| 11. | A | 12. | A | 13. | C | 14. | D | 15. | D |
| 16. | B | 17. | D | 18. | D | 19. | C | 20. | C |
| 21. | B | 22. | B | 23. | B | 24. | C | 25. | C |
| 26. | A | 27. | B | 28. | C | 29. | A | 30. | C |
| 31. | C | 32. | B | 33. | B | 34. | D | 35. | A |
| 36. | D | 37. | D | 38. | C | 39. | A | 40. | A |
| 41. | A | 42. | C | 43. | B | 44. | B | 45. | B |
| 46. | A | | | | | | | | |